**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**05.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे**

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य में नई उद्योग नीति जल्द लाई जाएगी और पहले से स्थापित उद्योगों को सशक्त बनाया जाएगा। शिमला में चल रहे एमएसएमई फेस्ट के दौरान देश–विदेश के उद्यमियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार निवेश अनुकूल परितंत्र विकसित करने के लिए निरंतर नवीन पहलें कर रही है, ताकि प्रदेश निवेशकों के लिए एक विश्वसनीय और आकर्षक स्थल बन सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में पैट्रोफयूल इंधन से चलित सभी 22 हजार टैक्सी वाहनों को चरणबद्ध तरीके से इलेक्ट्रिक व्हिकल में बदला जाएगा, जिसके लिए सरकार नई योजना लेकर आ रही है और इसमें चालीस प्रतिशत सब्सीडी भी प्रदान की जाएगी।

..............................................................................

## शिवराज–जी राम जी

केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मनरेगा योजना में पारदर्शिता लाने के लिए विकसित भारत जी राम जी अधिनियम लाया गया है। उन्होंने कहा कि योजना में लाभार्थियों के लिए रोजगार की अवधि सौ दिन से बढ़ाकर एक सौ 25 दिन कर दी गई है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को भुगतान समय पर मिलेगा। कृषि मंत्री ने कहा कि रोजगार मिलने के 15 दिन में लाभार्थियों को राशि का भुगतान नहीं होने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूत किया जाएगा ताकि किसानों को लाभ मिलता रहे।

..............................................................................

## पीएम विश्वकर्मा योजना

पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत प्रदेश में अभी तक 19 हजार 7 सौ लोगों का चयन किया गया है। योजना का उदेश्य पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को उनके कौशल को निखारने में आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर स्वरोजगार उपलब्ध करवाना है। शिमला जिला के हस्तशिल्प और कारीगर भी इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे शिमला संवाददाता

***पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत जिला शिमला में सुनार के प्रशिक्षण को लेकर विशेष बल दिया जा रहा है।उपायुक्त अनुपम कश्यप ने कहा है कि जिला में सुनारों के प्रशिक्षण को लेकर विशेष योजना की आवश्यकता है। जिला भर के मंदिरों में देवी–देवताओं से जुड़े आभूषणों का निर्माण करने वाले पारंपरिक सुनारों की संख्या बहुत कम रह गई जबकि इसमें स्वरोजगार की आपार संभावनाएं है। उपायुक्त ने जिला महा प्रबंधक जीआईसी व अन्य हितधारकों को निर्देश देते हुए कहा कि सुनार को प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत प्रशिक्षण दिया जाए। इस योजना के माध्यय से घरद्वार और अपने जिला में ही प्रशिक्षित***

***लोगों को रोजगार मिल पाएगा।प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना जिसका उद्देश्य पारंपरिक कारीगरों और शिल्पकारों को उनके कौशल को निखारने और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए सहायता प्रदान करना है।***

---

**खनन निगरानी**

सोलन जिले में अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए खनन विभाग ने हाईटेक तकनीक अपनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। अब जिले की नदियों और दुर्गम क्षेत्रों में अवैध खनन गतिविधियों पर नजर रखने के लिए नाइट विज़न से लैस ड्रोन का इस्तेमाल किया जाएगा। सोलन जिला खनन अधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि अवैध खनन को रोकने के लिए विभाग ने ड्रोन तकनीक का सफल ट्रायल किया है। इन ड्रोन की मदद से नदियों में रात के समय होने वाले अवैध खनन को भी दूर से ही चिन्हित किया जा सकेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि संबंधित एजेंसियों के साथ आवश्यक औपचारिकताएं और एमओयू जल्द पूरे किए जाएंगे। इसके बाद ड्रोन को ट्रायल बेस पर सोलन जिले में तैनात कर दिया जाएगा।

---

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है, वहीं, निचले व मैदानी क्षेत्रों में कुछ स्थानों पर कोहरा छाया है। हालांकि बीती रात राज्य के अधिक उंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की बर्फबारी हुई, जिससे ठंड का प्रकोप बढ़ गया है।

---